वर्ष 24 अंक 78
पृष्ठ 16
बरेली, गुरुवार
29 नवंबर 2012
नगर संस्करण
मूल्य ₹3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

विज्ञान की कसौटी पर अंधविश्वास खारिज

बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे पांच दिवसीय इंस्पायर इंटरनशिप-2012 में बुधवार को दूसरे दिन प्रतिभागियों ने विज्ञान और गणित के विभिन्न आयामों को जाना। नेशनल एकेडमिक एंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सदस्य प्रो. लक्ष्मीकांत शर्मा ने प्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. श्रीनिवास रामानुजन की गणित की उपलब्धियों को वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया। उन्होंने अंधविश्वास की अवधारणा को विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों के जरिए गलत साबित किया। दिल्ली विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के डिपार्टमेंट ऑफ जियोलॉजी के प्रोफेसर जीवीआर प्रसाद ने प्रतिभागियों को जीवाश्म संरक्षित के तरीके बताए। एसआरएमएस के डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता, ट्रस्ट प्रशासन सुभाष मेहरा, डॉ. एम मुस्तकीम, रतीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, डॉ. रितु सिंह, साक्षी पांडे, डॉ. केके तिवारी मौजूद रहे।